गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं.: न दि/गेल/सेक्ट./2019 04.12.2019

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं इस्पात मंत्री द्वारा "गेल को वर्ष की परियोजना प्रबंधन कंपनी 2019" से पुरस्कृत किया गया से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल को "वर्ष की परियोजना प्रबंधन कंपनी" 2019 पुरस्कार प्राप्त हुआ
माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं इस्पात मंत्री ने पुरस्कार दिया

नई दिल्ली, 03 दिसंबर 2019: गेल (इंडिया) लिमिटेड को **प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन परियोजना के चरण 1** को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए **वर्ष की परियोजना प्रबंधन कंपनी** 2019 पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं इस्पात मंत्री **श्री धर्मेंद्र प्रधान** द्वारा गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा निदेशक (परियोजना) श्री **आशुतोष कर्नाटक** को प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री आशुतोष कर्नाटक के साथ निदेशक (विपणन) **श्री गजेंद्र सिंह**, निदेशक (व्यापार विकास) **श्री मनोज जैन**, निदेशक (वित्त) **श्री ए.के. तिवारी** तथा कार्यकारी निदेशक (परियोजना) **श्री एम वी अय्यर** भी भारतीय पेट्रोलियम उद्योग संघ (फिपी) तेल एवं गैस उद्योग वार्षिक पुरस्कार 2019 समारोह में उपस्थित थे जिसका आयोजन कल नई दिल्ली में किया गया।

गेल (इंडिया) लिमिटेड ने जगदीशपुर – हल्दिया बोकारो – धामरा तथा बरौनी – गुवाहाटी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना जिसे प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पइपलाइन परियोजना के नाम से जाना जाता है, का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। इस कार्य में परियोजना प्रबंधन, दो प्रमुख नदियों सोन और गंगा के बीच हाई प्रीसिशन एचडीडी रिवर क्रॉसिंग के उन्नत उपकरणों का प्रयोग किया गया। इस कार्य के निष्पादन के दौरान उच्चतम सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए इसे निर्धारित बजट एवं समय सीमा में पूरा किया गया।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना' का चरण 1 17 फरवरी 2019 को समर्पित किता गया था। 2655 कि.मी. लंबी यह प्रतिष्ठित जेएचबीडीपीएल परियोजना उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल आदि राज्यों को कवर करती है। इसमें अब 729 कि.मी. का विस्तार करते हुए बरौनी से गुवाहाटी तक बढ़ाया जा रहा है।

प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बरौनी, सिंदरी और गोरखपुर के उर्वरक इकाइयों को पुनर्जीवित करने के लिए महत्त्वपूर्ण होगी और यह पटना, वाराणसी, रांची, जमशेदपुर, भुवनेश्वर, कटक, कोलकाता तथा पाइपलाइन के रास्ते में आने वाले अन्य शहरों में घरों तथा वाहनों के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करेगी। पर्यावरण अनुकूल, सरल एवं किफ़ायती प्राकृतिक गैस की उपलब्धता से प्रदूषण के स्तर को कम करने में भी मदद मिलेगी। इस परियोजना निष्पादन से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

फोटो कैप्शन: माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं इस्पात मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान (बाएं से पांचवे) गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा निदेशक (परियोजना) श्री आशुतोष कर्नाटक (बाएं से चौथे) को **"वर्ष की परियोजना प्रबंधन कंपनी"** 2019 पुरस्कार प्रदान करते हुए। साथ में हैं निदेशक (विपणन) श्री गजेंद्र सिंह (बाएं से तीसरे), निदेशक (व्यापार विकास) श्री मनोज जैन (दाएं से चौथे), निदेशक (वित्त) श्री ए.के. तिवारी (दाएं से तीसरे) तथा कार्यकारी निदेशक (परियोजना) श्री एम वी अय्यर (दाएं से पांचवे)।